जेबीआईटी में इंटर कालेज खेलों का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

वकासनगर। जे बी इंस्टिट्यूट आपफ टेक्नोलाजी में उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कालेज खो खो एवं शतरंज प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. ओंकार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डा. आंकार सिंह ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभा कर रहे उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के समस्त सस्थानों के छात्रों को बधाई दी और कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन जीता कौन हारा महत्वपूर्ण यह है कि आपने प्रतिभाग किया अपना 100

प्रतिशत दिया इससे आपके जीवन में आगे बढ़ने का हौसला आता है, आपका विश्वास बढ़ता है।

उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी उतना ही ध्यान दिया जा सके। मुख्य अतिथि विजेता एवं उपविजेता को सम्मानित किया गया। इस वर्ष खो-खो प्रतियोगिता पुरुष वर्ग की विजेता टीम आरआईटी रुड़की रही जबकि उपविजेता जीबीपीआईईटी पौड़ी की टीम रही, जबकि महिला वर्ग में शिवालिक इंस्टीट्यूट आपफ टेक्नोलाजी देहरादून विजेता रहा। जबकि उपविजेता रुड़की इंस्टीट्यूट आपफ टेक्नोलाजी रहा। इसी प्रकार शतरंज प्रतियोगिता की महिला वर्ग में सलोनी मिश्रा जीबीपी आईईटी विजेता जबकि वर्तिका श्रीवास्तव जेबी इंस्टिट्यूट आपफ टेक्नोलाजी देहरादून उप विजेता रही इसी प्रकार से पुरुष वर्ग में कृष्ण बिष्ट जीबीपी आईईटी पौड़ी विजेता घोषित किए गए जबकि उपविजेता माया इंस्टीट्यूट आपफ टेक्नोलाजी के आयुष्मान के नाम रहा। कार्यक्रम संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, सेक्रेटरी रजत सिंघल, संस्थान के रजिस्टर डा. विशांत कुमार, निदेशक डा. पीके चौधरी, रजिस्ट्रार डा. विशांत कुमार, रवि शंकर, डा. संदीप चौधरी, दीपक अग्रवाल, किशोर भट्ट, संजीव गिल सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इमरान द्वारा किया गया।